>

Title: Need to develop Lalit Narayan Mishra Railway Hospital in Gorakhpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh into Medical college-Laid.

श्री रवि किशन (गोरखपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र गोरखपुर में स्थित श्री ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय भारत सरकार रेल मंत्रालय के अधीन है तथा अपने स्थापना काल से ही रेलवे कर्मचारियों एवं उनके पारिवारिक जनों का उपकार करता रहा है । मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ कि उपरोक्त अस्पताल में चिकित्सकों की बहुत कमी है । वर्तमान में मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहता हूँ कि उपरोक्त अस्पताल में चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों की बहुत कमी है। वर्तमान में चिकित्सकों की कमी होने के कारण यहाँ आने वाले गंभीर रोगियों को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाता है। यदि इस अस्पताल को चिकित्सा महाविद्यालय के रूप में विकसित किया जाए तो यहाँ रेलवे के कर्मचारियों को इलाज तथा छात्रों को चिकित्सा की पढ़ाई का सौभाग्य प्राप्त होगा ।

मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि गोरखपुर स्थित श्री ललित नारायण मिश्र रेलवे अस्पताल को चिकित्सा महाविद्यालय के रूप में विकसित किया जाए ।